दिन– रविवार दिनांक– 09 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज इक्यावन हजार से अधिक विद्यालय अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

02. राज्य सरकार ने आयुर्वेद और होम्योपैथिक पद्धति से इलाज कराने वाले मरीजों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मुफ्त दवाएं देने का निर्णय लिया।

03. केन्द्र सरकार ने अररिया–परसरमा मार्ग के एलाइनमेंट को दी मंजूरी। यह राजमार्ग सुपौल, सहरसा, मधुबनी समेत राज्य के विभिन्न जिलों से गुजरेगा।

04. और, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रदेश के आठ जिलों के दस हजार सात सौ उनतालीस शिक्षकों को पटना के गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इनमें पटना, नालंदा, भोजपुर, जहानाबाद, अरवल, सारण, वैशाली और मुजफ्फरपुर जिलों के विद्यालय अध्यापक शामिल है। शिक्षा विभाग की प्राथमिक शिक्षा निदेशक साहिला ने बताया कि शेष तीस जिलों के शिक्षकों को नियुक्ति पत्र संबंधित जिले में ही दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित तीसरे चरण में इक्यावन हजार तीन सौ नवासी विद्यालय अध्यापक चयनित किये गये हैं।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने आयुर्वेद और होमियोपैथिक पद्धति से इलाज करानेवाले मरीजों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर मुफ्त दवाएं देने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि इसके लिए इन केन्द्रों को दो करोड़ अड़तालीस लाख रुपये की राशि जारी की गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य आयुष समिति की ओर से जिला देसी चिकित्सा पदाधिकारियों को एक–एक लाख रूपये की राशि का आवंटन भेजा गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य में दो सौ अड़तालीस हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हैं। श्री पांडेय ने कहा कि अगले तीन माह में नये महिला रोग विशेषज्ञों की नियुक्ति की जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के आठ हजार तीन सौ सत्तासी पंचायतों के पैंतालीस हजार गांवों में कैंसर रोग की मुफ्त जांच की जायेगी।

———————————————————————————

राज्य में कल आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में चेक बाउंस से संबंधित एक हजार चार सौ तैंतालीस मामलों का निपटारा किया गया। इसके साथ ही पटना जिले में पिछले ग्यारह साल से चल रहे एक मामले का भी निपटारा किया गया। पटना न्याय मंडल में आयोजित अदालत में पांच हजार चार सौ अड़सठ मामलों का निपटारा हुआ। पटना जिला विधिक प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी ने बताया कि मामलों के निपटारे के लिए तिरेपन पीठ बनाये गये थे। जिसमें ग्यारह सौ सात आपराधिक मामलों का भी निपटारा किया गया।

---

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण कल से शुरु होगा। चार अप्रैल तक चलने वाले इस सत्र में बीस बैठकें होंगी। बजट सत्र के दौरान वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिये अनुदान की मांगों और विनियोग विधेयक पर चर्चा होगी और मतदान होगा। इसके अलावा बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक, तटीय नौवहन विधेयक–दो हजार चौबीस, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधयेक, आव्रजन और विदेशी विधेयक–दो हजार पच्चीस तथा रेलवे संशोधन विधेयक सहित कई विधायी कार्यो पर चर्चा होगी और इन्हें पारित किया जाएगा। गौरतलब है कि बजट सत्र का पहला सत्र इकतीस जनवरी से तेरह फरवरी तक आयोजित हुआ था। इस सत्र में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने केन्द्रीय बजट पेश किया था।

---

पटना के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, आईसीएआर परिसर में बर्ड फ्लू मिलने की पुष्टि हुई है। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद सिविल सर्जन कार्यालय की आपदा शाखा और जिला पशुपालन कार्यालय की ओर से मरी हुई मुर्गियों को जलाकर दफनाया गया। पटना के सिविल सर्जन डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि बर्ड फ्लू मिलने वाले इलाके के तीन किलोमीटर के दायरे में बुखार पीड़ितों के सर्वेक्षण के निर्देश दिए गए है। पटना में अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भोपाल में नमूनों की जांच के बाद मृत पक्षियों में एच–फाईव एन –वन वायरस, बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। सिविल सर्जन ने कहा कि प्रभावित इलाके में एहतियात के तौर पर आम लोगों और कर्मियों के बीच टेमिफ्लू और ओसेलामिवीर नामक एंटीवायरल दवाइयों का वितरण किया जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले दिनों सत्ताईस फरवरी को जहानाबाद जिले के पुलिस लाइन के पास मृत कौओं में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई थी। उधर, मुंगेर के तेघड़ा गांव में भी आधा दर्जन कौए की मौत के बाद डॉक्टरों की जांच कमेटी गठित की गई है।

---

केन्द्र सरकार ने सुपौल जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग तीन सौ सत्ताईस–ई अररिया–परसरमा मार्ग के एलाइनमेंट को मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी करते हुये कहा है कि जल्द ही इस सड़क के लिए जमीन अधिग्रहण का काम शुरू होगा। अधिसूचना के अनुसार यह सड़क पेब्ड शोल्डर के साथ दो लेन की होगी। सड़क की कुल लंबाई लगभग एक सौ बारह किलोमीटर लम्बी है। इसमें चौबीस किलोमीटर से अधिक लम्बी बाइपास होगा। इस सड़क पर अधिकतम सौ किलोमीटर की रफ्तार से गाड़ी चलाई जा सकेगी। परियोजना पर उन्नीस सौ उनासी करोड़ रूपये से अधिक की राशि खर्च होगी। रेलवे क्रॉसिंग के कारण दो रेलवे ओवरब्रिज भी बनाए जाएंगे। इसके साथ ही दो फ्लाईओवर, दो व्हीकल अंडरपास बनाए जाएंगे। यह सड़क मधुबनी जिले के बेनीपट्टी स्थित उच्चैठ भगवती स्थान जाने वाली सड़क से भी जुड़ेंगी। एनएच के निर्माण से सुपौल, पिपरा, त्रिवेणीगंज, रानीगंज के साथ सहरसा, मधुबनी, अररिया, किशनगंज और सिल्लीगुड़ी तक जाने वाले लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

———————————————————————————

श्रम मंत्रालय ने ऑनलाइन प्लेटफार्म का उपयोग करके किसी संगठन के साथ काम करने वाले श्रमिकों से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना–एबीपीएमजेवाई का लाभ उठाने के लिए ई–श्रम पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करने का अनुरोध किया है। एबी–पीएमजेवाई योजना के तहत देश के इकतीस हजार से अधिक सार्वजनिक और निजी पैनलबद्ध अस्पतालों में द्वितीय और तृतीय श्रेणी की स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का कवरेज प्रदान किया जाता है। मंत्रालय ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था में गिग और ऑनलाइन प्लेटफार्म से नौकरी प्राप्त करने वाले श्रमिकों के योगदान को स्वीकार करते हुये केन्द्रीय बजट में ई–श्रम पोर्टल पर इनका पंजीकरण करने, पहचान पत्र जारी करने और स्वास्थ्य देखभाल का प्रावधान किया गया है। नीति आयोग के अनुसार भारत की गिग अर्थव्यवस्था में एक करोड़ से अधिक श्रमिकों को रोजगार मिलने का अनुमान है, तथा दो हजार उनतीस–तीस तक कार्यबल बढ़कर दो करोड़ पैंतीस लाख होने की उम्मीद है।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी शक्ति से विकसित भारत विषय पर एक दिन के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि विकसित भारत का निर्माण आत्मनिर्भर, स्वाभिमानी, स्वतंत्र और सशक्त महिलाओं के बल पर ही किया जा सकता है।

———बाईट———

हमारी बेटियां विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपना पूरा योगदान दे रही हैं, इसके लिए जरूरी है कि समाज उन्हें आगे बढ़ने के लिए और भी अच्छा वातावरण प्रदान करे।

राष्ट्रपति ने कहा कि केन्द्र सरकार यह सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है कि देश की महिलाएं राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हों और विकसित भारत का स्वप्न साकार करने में सक्षम हों।

———बाईट———

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के द्वारा लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान उनके राजनैतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। जमीनी स्तर पर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों से उन्हें जोड़ा जा रहा है। वे आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करें। इसके लिए लखपति दीदी कार्यक्रम चल रहा है। नमो ड्रोन दीदी योजना भी महिलाओं के आर्थिक और तकनीकी सशक्तिकरण का माध्यम बना रहे।

———————————————————————————

केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती परीक्षा में फर्जी तरीके से नौकरी पाने के प्रयास करने के आरोप में दो सौ चालीस अभ्यर्थियों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती के अवर निरीक्षक अमृता प्रिदर्शनी ने बताया कि इनमें भागलपुर के नब्बे, मुंगेर के छियालीस, गया के ग्यारह, लखीसराय के नौ और बांका, बेगूसराय, मधुबनी, जमुई, सीवान समेत अन्य जिलों के अभ्यर्थी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बायोमीट्रिक जांच के दौरान यह मामला सामने आया है।

———————————————————————————

शिवहर जिले के पिपराही थाना क्षेत्र के अभिराजपुर बैरिया गांव में मिट्टी काटने की सूचना पर पहुंची खनन विभाग की टीम पर लोगो ंने हमला कर दिया। मामले में खनन निरीक्षक रितिक कुमार श्रीवास्तव ने अज्ञात बारह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। वहीं, पटना जिले के बिक्रम थाना क्षेत्र के मुसहरी गांव में शराब की सूचना पर कार्रवाई करने गयी पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। हमले में आठ पुलिसकर्मी घायल हो गये। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने हर जिले के एक ग्राम पंचायत को आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। पंचायती राज विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ी महिलाओं के उत्थान के लिए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इससे महिला उत्थान के लिए योजना निर्माण में सुविधा होगी।

———————————————————————————

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। अधिकांश स्थानों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले बहत्तर घंटों के दौरान औसत तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी होगी।

———बाइट———

———————————————————————————

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। यह मैच दुबई में भारतीय समय के अनुसार दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा। भारत ने इस टूर्नामेंट में अभी तक सभी मैच जीते हैं, और ग्रुप मैचों में न्यूजीलैंड को पहले चौवालीस रन से हरा चुका है।

———————————————————————————

हरियाणा के करनाल में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस खेल में बिहार पुलिस की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुये सेपक टाकरा मुकाबले का स्वर्ण पदक जीत लिया है। फाईनल मुकाबले में बिहार पुलिस ने नगालैंड पुलिस की टीम को पराजित किया।

———————————————————————————

विश्व स्वास्थ्य संगठन, डब्ल्यूएचओ ने पटना एम्स को एशिया सेफ सर्जिकल इम्प्लांट कंसोर्टियम, क्यूआईपी अवार्ड दो हजार चौबीस से सम्मानित किया है।

———————————————————————————

अररिया जिले में विभिन्न थाना क्षेत्रों से पुलिस ने भारी मात्रा में देशी और नेपाली शराब, स्मैक तथा आपत्तिजनक समानों के साथ तीस लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

पटना जंक्शन पर रेल पुलिस ने यात्रियों से सामान छिनने और लूटने के मामले में आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

राज्य में पहली बार मुख्यमंत्री खेल ज्ञानोत्सव स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में राज्य के सरकारी और निजी स्कूलों के कक्षा छह से बारहवीं तक के छात्र–छात्राएं भाग ले सकते हैं। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रण शंकरण ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए कल तक पंजीकरण कराया जा सकता है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– डीजे और अश्लील द्विअर्थी गीत बजाया, तो जाना होगा जेल।

दैनिक भास्कर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिला दिवस पर लखपति दीदियों से बातचीत की खबर को प्रमुखता दी है। अखबार ने प्रधानमंत्री के हवाले से लिखा है– माताओं –बहनों का आर्शीवाद, मेरी ताकत, पूंजी, सुरक्षा कवच है।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– हमसे पहले जिन्हें मौका मिला, उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ाने का कोई काम नहीं किया।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज इक्यावन हजार से अधिक विद्यालय अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

02. राज्य सरकार ने आयुर्वेद और होम्योपैथिक पद्धति से इलाज कराने वाले मरीजों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मुफ्त दवाएं देने का निर्णय लिया।

03. केन्द्र सरकार ने अररिया–परसरमा मार्ग के एलाइनमेंट को दी मंजूरी। यह राजमार्ग सुपौल, सहरसा, मधुबनी समेत राज्य के विभिन्न जिलों से गुजरेगा।

04. और, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।